<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 921

17 दिसंबर, 2018 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों का विनिवेश

921. श्रीमती कमला पाटलेः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने मंत्रालय से राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) द्वारा नगरनर (बस्तर) में निर्माणाधीन इस्पात संयंत्र के विनिवेश प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बस्तर के नक्सल प्रभावी क्षेत्र के लोगों के लिए विनिवेश का प्रस्ताव एक झटका नहीं होगा;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ङ) क्या सरकार उक्त सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के संयंत्र निर्माण में आम लोगों की भागीदारी के साथ इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करेगी या पुनर्विचार किए जाने की संभावना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) और (ख): जी हाँ। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने एनएमडीसी लिमिटेड के नगरनार इस्पात संयंत्र के योजनाबद्ध विनिवेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है।

(ग) से (च): विनिवेश पर सचिवों के कोर ग्रुप (सीजीडी) ने दिनांक 28.02.2018 को हुई अपनी बैठक में एनआईएसपी के योजनाबद्ध विनिवेश की प्रक्रिया को स्थगित करने का निर्णय लिया।

*****